तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 तोषगांव प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या ...



12 चौकबेड़ा में मनाई गई संत माता कर्मा जयंती



# जिले में एलपीजी की सतत उपलब्धता जारी, निगरानी टीम भी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में जिला प्रशासन एवं विभाग ने स्पष्ट किया है कि लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। वर्तमान में जिले में कुल 17 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं गैस सिलेंडर उपलब्ध कराई जा रही है। सिलिंडर को लेकर आमजनता में फैल रहे भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करते हुए उपलब्धता सामान्य होने की जानकारी दी गई है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश में विभाग द्वारा जिले के गैस एजेंसियों को बैठक में निर्देशित किया गया है कि जो हितग्राही गैस सिलेंडर लेने आ रहे हैं उन्हें बुकिंग ऑर्डर के आधार पर प्राथमिकता के तौर पर उनको गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन द्वारा जिलें में गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ऑयल कंपनी से लगातार समन्वय कर गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा रहा है। सिलेंडर की सुचारू रूप से डिलीवरी के संबंध में सभी गैस एजेंसियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के माध्यम से समन्वय कराकर वितरण कराया जा रहा है। इस संबंध में सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है। गैस एजेंसियों के डिमांड के आधार पर ऑयल कंपनी द्वारा लगातार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि के अंदर ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर डिलीवरी हो, यह सुनिश्चित किया है।

## कलेक्टर ने सतत निगरानी के लिए राजस्व और खाद्य विभाग की दल गठित की

### प्रस्तुत करना होगा साप्ताहिक प्रतिवेदन



कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी साप्ताहिक प्रतिवेदन जिला कार्यालय (खाद्य शाखा) को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, ताकि व्यवस्था की निरंतर समीक्षा की जा सके। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।



### नियंत्रण कक्ष स्थापित

जिले में एलपीजी, डीजल, पेट्रोल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशों के परिपालन में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिले में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति एवं वितरण पर सतत निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड स्तर पर राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई है। यह टीम महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली विकासखंडों में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की निगरानी करेगी।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## हादसे की आशंका : अनेक स्कूल परिसरों में हाईटेंशन तार और ट्रांसफार्मर खुले में लगे

# स्कूल परिसरों से ट्रांसफार्मर हटाने की प्रक्रिया अटकी, बच्चों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

हादसे और हादसे की आशंकाओं को लेकर लगातार कराए जा रहे ध्यानाकर्षण के बावजूद स्कूलों और छात्रावास परिसरों से बिजली पोल व ट्रांसफार्मर हटाने की ओर कोई पहल नही की जा रही है। बता दें कि इसमें सबसे बड़ी बाधा फंड के तौर पर आ रही है जिसकी कमी से यह कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा।

जानकारी के अनुसार जिले के करीब 110 स्कूलों व छात्रावासों से ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के लिए शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर बिजली विभाग को भेजा था। इसके बावजूद अब तक इस मामले को लेकर कोई पहल सामने नही आई है। हाल ही में संपन्न हुई दिशा की बैठक के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इस मामले को लेकर अफसरों का ध्यानाकर्षण कराया था। बता दें कि कई स्कूल परिसरों में हाईटेंशन तार और ट्रांसफार्मर खुले में लगे हैं, जो कभी भी फिर किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।



### खुले डीपी बॉक्स से बढ़ा खतरा

स्कूल परिसरों के आसपास लगे ट्रांसफार्मरों के डीपी बॉक्स खुले पड़े हैं। इन बॉक्सों के तार अक्सर बाहर दिखाई देते हैं, जिससे करंट लगने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों और पालकों ने कई बार इसकी शिकायत भी की, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है।

### पहले भी हो चुका है हादसा

बताया जाता है कि 26 जनवरी 2022 को मेला मैदान स्थित एक छात्रावास परिसर में करंट लगने से एक बालिका की मौत हो गई थी और एक शिक्षक भी इसकी चपेट में आए थे। इसके बाद सरकार ने स्कूल परिसरों से हाईटेंशन लाइन और ट्रांसफार्मर हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन उन निर्देशों पर अमल नहीं हो पाया।

### बच्चों की सुरक्षा पर सवाल

स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जान जोखिम में है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब गीले वातावरण में करंट फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से ठोस पहल नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्कूल परिसरों से ट्रांसफार्मर हटाने और सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## रद्द हुआ सृष्टि का कांग्रेस से निष्कासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



झलप क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री एवं महासमुंद जनपद पंचायत सभापति सृष्टि ध्रुव का कांग्रेस से निष्कासन निरस्त कर दिया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने जारी पत्र में बताया है कि ध्रुव के निष्कासन को निरस्त करने के संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी पटेवा एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुनर्विचार किया गया।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी पटेवा द्वारा सृष्टि ध्रुव को छः वर्षों के लिए निष्कासित किया गया था, जिसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। साथ ही भविष्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति के अनुसार चलकर पार्टी को मजबूत करने निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने ग्राम मानपुर में एक युवक के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी विकास बंजारे पिता हुमन लाल ऊर्फ बबलू बंजारे (20 साल) मानपुर थाना पटेवा जिला महासमुंद के कब्जे से उसके घर के आंगन ग्राम मानपुर से कुल 7 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत करीबन 1400 रुपए बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### महुआ शराब और निर्माण सामग्री बरामद

**महासमुंद।** ग्राम हरनादादर के एक घर से बागबाहरा पुलिस ने महुआ शराब और शराब निर्माण सामग्री बरामद कर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 19 मार्च को बबला बांधे का मकान ग्राम हरनादादर में आरोपी सुदेश वस्त्रकार पिता दुर्गा वस्त्रकार (33 वर्ष) निवासी दैहानीभाठा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद के कब्जे से एएक सफेद रंग के हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 25 लीटर कीमत 5000 रुपए, एक गैस चूल्हा कीमती 1000 रुपए, दो नग एल्युमीनियम गंज कीमत 2000 रुपए, एक स्टील गंज 1000 रुपए, इंडेन गैस टंकी 1500 रुपए कुल कीमत 10500 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने जिला जेल में जांची भोजन की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा 19 मार्च को बेमचा स्थित जिला जेल बेमचा का निरीक्षण किया गया। छग उच्च न्यायालय द्वारा प्राप्त आदेशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बेमचा स्थित जिला जेल में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के पदाधिकारों द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर द्वारा उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, जेल में स्थापित वीसी कक्ष, बैरकों की व्यवस्था, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, नए बैरकों का निर्माण, मुलाकात कक्ष, विधिक सहायता कक्ष, बंदियों को प्रदत्त सुविधा, टायलेट की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के कपड़ों की दशा, पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों को दी जा रही प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा बंदियों से प्रत्यक्ष रूप से जेल में उनके रहन-सहन, दिए जाने वाली औपचारिक सुविधा तथा न्यायालय में लंबित उनके प्रकरण और उनके अधिवक्ता तथा उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा नवनिर्मित अतिरिक्त बैरकों का भी जायजा लिया गया।

■ भोजन व्यवस्था सहित चिकित्सकीय सुविधाओं का लिया जायजा

कमेटी के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अक्षा गुप्ता, तहसीलदार जुगल किशोर, जेल अधीक्षक अश्विनी पूजा तिर्की, सहायक जेल अधीक्षक उदय राज गायकवाड़, एलएडीसीएस के अधिवक्ता रीना जैन, डोलामनी पटेल, जेल चिकित्सा अधिकारी महेंद्र चौधरी, थाना प्रथारी महासमुंद नरेंद्र राठौर, जेल स्टाफ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# 4 माह से पानी की चोरी करने वाले ठेकेदार के खिलाफ हो एफआईआर


**महासमुंद।** शहर के बीटीआई रोड में हो रहे चौड़ीकरण और नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा की जा रही पानी चोरी को आड़े हाथ लेते हुए नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी और अन्य भाजपाई पार्षदों ने नपा अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, उप संचालक नगरीय प्रशासन रायपुर को आवेदन सौंपते हुए शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की है। राठी ने कहा कि दिन-दहाड़े 4 माह से पानी का दोहन पालिका को बिना शुल्क जमा किए किया गया। अब पालिका को जानकारी में यह प्रकरण आने के बाद भी कोई कठोर कार्रवाई ठेकेदार के खिलाफ नहीं की जा रही है, बल्कि ठेकेदार को बचाने में लगे हुए हैं। वहीं पालिका प्रशासन का कहना है कि ठेकेदार द्वारा कुछ राशि जमा कराई गई है साथ ही जनहित के कार्यों के लिए नगर पालिका द्वारा कुछ सेवाएं अपनी ओर से भी मुहैय्या कराई जा सकती है। लगातार धूल उड़ने की जनसमस्या के चलते वहां पानी डलवाने के लिए पानी रियायती दर पर दिया जा रहा है।

ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री एवं सचिव को लिखित में शिकायत के साथ-साथ भाजपा के सभी पार्षद नगर पालिका के खिलाफ जन आंदोलन करेंगे। लोक निर्माण विभाग में कहा गया कि ठेकेदार को भुगतान करने के पहले पालिका में पानी का पैसा पेनाल्टी के साथ जमा कराएं और पालिका से अनापत्ति प्रमाण पत्र के बाद ही भुगतान करें।



### गांजा की बिक्री कर रहे दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में गांजा की बिक्री कर रहे दो लोगों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 20 मार्च को सूचना मिली कि दो व्यक्ति दलदली रोड़ काली मंदिर, नयापारा के पास एक प्लास्टिक सफेद रंग के थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिए रखे हुए हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही त्रृषभ यादव एवं प्रियांशु चौहान को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की और तलाशी लेने पर उनके संयुक्त कब्जे के एक सफेद प्लास्टिक थैले के अन्दर सफेद झिल्ली में 1.800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 90 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 20(इ)(पप)इ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



## खबर संक्षेप

### महासमुंद में हिंदू नववर्ष पर निकली भव्य शोभायात्राः तुषार

**महासमुंद।** हिंदू नववर्ष पर एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। हिंदू नववर्ष उत्सव समिति तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना संस्थापक अशवंत तुषार साहू व बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा में तुषार साहू ने शामिल लोगों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और देश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

### अवकाश के दिनों में खुलेंगे नगर पालिका कार्यालय

**महासमुंद।** शनिवार और रविवार को अवकाश के दिन भी नगर पालिका कार्यालय खुलेंगे और सभी प्रकार के कर जमा होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने इस संबंध में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में महज 12 दिन बचे हैं। एक अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो जाएगा। ऐसे में जिन पर संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, यूजर चार्ज बकाया होगा, उन पर 13 प्रतिशत ब्याज लग जाएगा। इसे देखते हुए अवकाश में राजस्व विभाग के शाखा को खोले जा रहे हैं, जहां पर जाकर भवन स्वामी सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक अपना संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, यूजर चार्ज जमा कर सकते हैं।

### कुकराडीह में ढाई लाख नगद व जेवर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम कुकराडीह में बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। यहां के एक घर से अज्ञात चोरों ने ढाई लाख नगद समेत सोने के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस को नरेश दीवान पिता भैयाराम दीवान (30 साल) कुकराडीह ने बताया कि 18 मार्च को उसका साढ़ू परिवार सहित मेरे घर आया था। रात्रि में 8 बजे खाना खाने के बाद घर के मेन दरवाजा तथा कमरे में ताला लगाकर पूरा परिवार रात्रि करीब 9.30 बजे छत में सोने चले गये थे। सुबह करीबन 5 बजे प्रार्थी की पत्नी केंवरा बाई दीवान नीचे आई तो देखा कि मेन दरवाजा तथा कमरा के ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि आलमारी का दरवाजा तोड़कर उसमें रखे करीबन 2, 50, 000 रुपए, पुरानी इस्तेमाली सोने का टॉप्स एवं सोने की मराठी माला कीमती करीबन 18, 000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नकाबपोशों ने ट्रक ने निकाला डीजल, ड्राइवर से छीने पैसे

**महासमुंद।** कोडार बांध के पास खड़े एक ट्रक से नकाबपोश लोगों ने डीजल निकालकर ड्राइवर से पैसे छीन लिए। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सुसान भोसागर पिता माधुर भोसागर निवासी बडअमलीपाली थाना भटली जिला बरगढ ओडिशा ने बताया कि वह ट्रक क्रमांक ओडी 17 एम 7298 में झारसुगडा ओडिशा से माल लेकर रायपुर जा रहा था। 19 मार्च की सुबह करीबन 4 बजे कोडार बांध के पास गाड़ी को खड़ाकर टायर चेक कर रहा था, तभी अचानक स्कार्पियो गाडी से 03 से 04 व्यक्ति मुंह में नकाब बांध कर आये और उससे 900 रुपए को छीन लिए। इसके बाद ट्रक की टंकी को तोड़कर उसमें भरे हुए 350 लीटर डीजल कीमत 32550 रुपए कुल 33450 रुपए को ले गए। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 309(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ट्रांसपोर्ट प्रतिबंध पर व्यापारियों की कमिश्नर से मुलाकात

**रायपुर।** शहर में ट्रांसपोर्ट बुकिंग के प्रमुख मार्गों पर मालवाहक वाहनों के प्रतिबंध से प्रभावित हो रही व्यापारिक गतिविधियों को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से मुलाकात की। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारियों को हो रही समस्याओं और आर्थिक नुकसान का जिक्र करते हुए विस्तार से अपनी बात रखी।

# हिंदू नववर्ष अभिनंदन समारोह का आयोजन, बनाई गई भव्य रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वान यूथ क्लब द्वारा हिंदू नववर्ष अभिनंदन समारोह 2026 का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण 3000 स्क्वायर फीट में निर्मित विशाल एवं मनमोहक रंगोली रही, जिसमें हिंदू नववर्ष एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य आकृति को साकार किया गया। इस भव्य रंगोली के मुख्य कलाकार दीपक साहू रहे, जबकि समूह का नेतृत्व ज्योत्सना शर्मा द्वारा किया गया। रंगोली निर्माण में भूप्रिया, ज्योतिका, लुबिना, रोहिणी, निहारिका, श्रेया, अनन्या, भविष्य, सोहन साहू, हिमांशु साहू, उज्ज्वल शर्मा एवं भविष्य चंद्राकर का विशेष योगदान रहा।

यह भव्य रंगोली मिनी स्टेडियम, महासमुंद में तैयार की गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित भक्ति संध्या में भक्ति मंडल द्वारा हनुमान चालीसा पाठ एवं भजनों की मधुर प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। वहीं संकट मोचन हनुमान मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। दीपों के माध्यम से सीता-राम की अलौकिक आकृति प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान लगभग 3000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस




अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की उपस्थिति रही। उन्होंने स्वयं प्रसाद वितरण में सहभागिता निभाई तथा आयोजन की सराहना करते हुए इसे अत्यंत भव्य एवं प्रेरणादायक बताया। साथ ही इस भव्य आयोजन में महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य आरके तिवारी, समस्त स्टाफ, गायत्री विद्या मंदिर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय की प्राचार्या अनुसुईया अग्रवाल एवं समस्त स्टाफगण की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर स्वान यूथ क्लब के अध्यक्ष निलेश कुमार तिवारी ने कहा कि यह आयोजन समाज को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है तथा भविष्य में भी ऐसे भव्य एवं समाजोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अनुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हिमांशु साहू, सचिव एवं मीडिया प्रभारी ग्रंथ चोपड़ा, सह-सचिव साहिल शर्मा, सदस्यगण स्वान यूथ क्लब ज्योत्सना शर्मा, लक्ष्य यादव, चिराग, उज्ज्वल शर्मा, त्रनेश, चेताक्ष, जय, लकी शिवहरे, आनंद साहू, भविष्य चंद्राकर, नागेंद्र, अनन्या चंद्राकर, लुबिना, राहुल साहू, गजेंद्र चक्रधारी, सोहन साहू, दीपक साहू, रत्नेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत पिथौरा में विशेष शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के संभागीय कार्यालय पिथौरा द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 (एमबीबीएस 2026) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 12 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक संचालित होगा। इस योजना के अंतर्गत पिथौरा संभाग के विभिन्न वितरण केंद्रों से जुड़े ग्रामों में शिविर लगाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान मिल सके।

विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक राजा सेवैया, सेवैया कला, जंघोरा, साल्हेभाठा, सोनासिल्ली, चिरको, तुमसा, पटेवा, खटटा परसवानी, सुखीपाली, सपोस, सल्डीह, ढोढरकसा एवं भगतदेवरी सहित कई गांवों में शिविर आयोजित किए




जा चुके हैं। आगामी दिनों में अन्य ग्रामों में भी शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ता पहुंचकर अपने बकाया बिजली बिल, छूट की जानकारी एवं समाधान प्राप्त कर रहे हैं।

### योजना में मिल रही है विशेष छूट

शिविरों के दौरान अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। योजना के तहत निष्क्रिय बीपीएल उपभोक्ता (31 मार्च 2023 से पूर्व), मूल बकाया में 75 प्रतिशत छूट, अधिभार में 100 प्रतिशत छूट। निष्क्रिय घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता के मूल राशि में अधिकतम 50 प्रतिशत छूट, अधिभार में 100 प्रतिशत छूट। सक्रिय घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता (एकमुश्त भुगतान पर) मूल राशि में 10 प्रतिशत तक छूट। अधिभार में 100 प्रतिशत छूट। बकाया राशि को अधिकतम 6 किश्तों में जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध है, हालांकि किस्तों के साथ छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा।

### पंजीयन प्रक्रिया आसान

पिथौरा संभाग के कार्यपालन अभियंता बी दीवान ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित है।

उपभोक्ताओं को केवल बीपी नंबर और मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीयन करना होगा। पंजीयन के लिए उपभोक्ता मोर बिजली बिल' मोबाइल ऐप, नजदीकी वितरण केंद्र या आयोजित शिविर स्थल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। शिविर स्थल पर ही पंजीयन कर उपभोक्ताओं को संशोधित बिल एवं भुगतान की पूरी जानकारी दी जा रही है।

### अब तक सैकड़ों उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ

अब तक आयोजित शिविरों में 205 बीपीएल, 224 घरेलू, 213 कृषि उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने हेतु पंजीयन कराया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। चूंकि यह योजना सीमित अवधि के लिए है, इसलिए सभी बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे शिविरों में पहुंचकर समय रहते पंजीयन कर योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

# चिरायु दल की तत्परता ने एक और चेहरे की मुस्कान लौटाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव एवं डीपीएम नीलू धृत लहरे के निर्देशन एवं डॉ कुणाल नायक बीएमओ तथा बीपीएम शीतल सिंह के सतत मार्गदर्शन में चिरायु दल द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर उनका निशुल्क इलाज कराया जाता रहा है। इसी तारतम्य में में लिमउगुड़ा निवासी गुणनिधि एवं सुजाता निषाद की पुत्री गाम्या निषाद 5 वर्ष आंगनबाड़ी लिमउगुड़ा में पढ़ती है। चिरायु दल के नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान बच्ची में हृदय रोग की आशंका दल द्वारा जताई गई तथा उनके माता-पिता को तुरंत स्थिति से अवगत कराया गया। उसके माता-पिता भी तुरंत उसे बाहर ले जाने के लिए तैयार हो गए, चिरायु दल द्वारा गाम्या को रायपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाकर उसका उच्च जांच कराया गया। जिसमें हृदय में कुछ समस्या पाई गई तथा गाम्या का निशुल्क ऑपरेशन भी सफल हुआ। यह सभी कार्य 13 दिन के अंदर ही पूर्ण हो गए। जांच से लेकर ऑपरेशन 13 दिन के अंदर ही पूर्ण कराए गए। बच्ची अभी पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

# आबकारी आरक्षक भर्ती की अंतिम चयन सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग के अंतर्गत आबकारी आरक्षक के रिक्त 200 पदों की पूर्ति के लिए सीधी भर्ती के माध्यम से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापम) ने 27 जुलाई 2025 को लिखित परीक्षा ली थी। इस भर्ती परीक्षा में चयन हुए अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस परीक्षा का अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम व्यापम की वेबसाइट पर 19 सितंबर 2025 को जारी किया गया था।

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग को उपलब्ध कराये गये परीक्षा परिणाम की प्राप्तांक सूची एवं परीक्षा से संबंधित अन्य अभिलेखों के आधार पर विज्ञापन में उल्लेखित वर्गवार,




प्रवर्गवार रिक्तियों की संख्या के लगभग तीन गुना अभ्यर्थियों को मेरिट क्रम में चिन्हांकित किया था। उनके मूल प्रमाण पत्रों (दस्तावेजों) का सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड की जांच के लिए बुलाया गया, लेकिन पर्याप्त अवसर दिये जाने के बाद भी सत्यापन में अनुपस्थित एवं शारीरिक मापदण्ड में अपात्र पाए गए कुल 128 अभ्यर्थियों के नामों पर चयन प्रक्रिया में विचार नहीं करने संबंधी 12 मार्च 2026 को पत्र जारी किया था। शेष पात्र अभ्यर्थियों में से व्यापम ने जारी मेरिट क्रम के आधार पर वर्गवार, प्रवर्गवार आबकारी आरक्षक पद के कुल 200 पदों के विरूद्ध 200 पदों पर अभ्यर्थियों की उपलब्धता अनुसार चयन सूची तथा 43 अनुपूरक (प्रतीक्षा) सूची जारी गई है।

अधिकारियों ने बताया कि आबकारी आरक्षक पद हेतु छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा में व्यापम द्वारा जारी मेरिट सूची के आधार पर विभाग में दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड में पात्र गए अभ्यर्थियों में से चयन के लिए उपयुक्त पाए गए अभ्यर्थियों की सूची मंडल की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# द्वितीय चरण फरवरी 2027 में सफल जनगणना के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनगणना 2027 को संपादित करने के लिए जिले में जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं प्रमुख जिला गणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, जनगणना प्रशिक्षक अशोक मिश्रा, संयुक्त निदेशक, जनगणना कार्यालय रायपुर, सहायक संचालक मनोज कुमार महिलांगे, जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व), समस्त चार्ज अधिकारी ग्रामीण से तहसीलदार एवं नगरीय से मुख्य नगरपालिका अधिकारी



तथा उनके डीलिंग स्टाफ उपस्थित हुए।

जनगणना 2027 को संपादित करने के लिए जनगणना निदेशालय रायपुर के प्रशिक्षक अशोक मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल होगा, जनगणना 2027 को दो चरणों में संपादित किया जाना है। प्रथम चरण का कार्य मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 01 मई-2026 से 31 मई-2026 तक एवं द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित कराया जाएगा। जनगणना का कार्य अति महत्वपूर्ण होने के कारण समय पर पूर्ण करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना 2027 को सीएमएमएस पोर्टल पर मकान सूचीकरण ब्लॉक निर्माण एचएलबीसी वेब एप्लिकेशन में बनाना एवं सीएमएमएस पोर्टल में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की यूजर आईडी जनरेट करने का कार्य 31 मार्च 2026 तक अनिवार्यतः पूर्ण कर लें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रगणकों के प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक चार्ज ऑफिसर कार्यालय के फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आगामी सप्ताह में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से संपादित कर लें। प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स द्वारा ही तहसील मुख्यालयों में प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, संपूर्ण कार्य की ऑनलाइन सॉफ्टवेयर एवं सीएमएमएस पोर्टल द्वारा पर्यवेक्षण की सुविधा होगी। जिला जनगणना अधिकारी मनोज कुमार खांडे द्वारा प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# मास्टर की से दोपहिया चोरी, चाबी मास्टर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मास्टर चाबी से दोपहिया चोरी करने के आरोप में चाबी मास्टर सहित तीन शातिरों को खम्हारडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने शहर के अलग-अलग पार्किंग स्थल में छिपाई चोरी की 11 गाड़ियां जब्त की हैं। बाइक चोरी के आरोप में पकड़ा गया एक युवक बलौदाबाजार का रहने वाला है।

दोपहिया चोरी करने के आरोप में पुलिस ने बलौदाबाजार निवासी कुलदीप गेंडरे उर्फ जानू, कचना



निवासी करण साहू उर्फ बाका, मोवा निवासी शेख स्वालेह को गिरफ्तार किया है। शेख स्वालेह मास्टर चाबी बनाने का काम करता था। पुलिस ने बाइक चोरों को कम कीमत पर बगैर दस्तावेज के बाइक बेचने की फिराक में ग्राहक तलाशते गिरफ्तार किया है। शेख स्वालेह पेशे से चाबी बनाने का काम करता है।

# नशीली कैप्सूल, कोकीन प्रकरण में तीन को 10 तथा 15 वर्ष कैद के साथ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नशीली कैप्सूल तथा कोकीन तस्करी के दो अलग-अलग मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को क्रमशः 15 तथा 10 साल कैद के साथ एक तथा डेढ़ लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस की विशेष कोर्ट में हुई है। जिन आरोपियों को सजा सुनाई गई है, उनमें एक ओड़िशा का सप्लायर शामिल है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा, भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने नशीली कैप्सूल बेचने के आरोप में सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के कुकुरबेड़ा से गिरफ्तार मनीष चंद्राकर तथा ओडिशा से गिरफ्तार देवेंद्र मांझी को 15-15 वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मनीष के घर से 31 अगस्त 2024 को 864 नशीली कैप्सूल जब्त की थी। एक अन्य प्रकरण में कोर्ट ने कबीर नगर थाना क्षेत्र में रहने वाला धरम सिंह को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

**सरस्वतीनगर कबीर नगर थाना क्षेत्र का मामला**

# राजधानी में सिर्फ 755 बिजली बिल के बकायादार, शिविरों में होगा समाधान

सर्किल वन में 14 और सर्किल दो में सात स्थानों पर लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 28 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल बकाया पर मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का प्रारंभ किया गया है। राजधानी रायपुर में 2023 के पहले के महज 755 उपभोक्ता ही ऐसे हैं, जिन पर बिजली बिल बकाया है। इसके बकाया का समाधान अब शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। जहां एक तरफ सर्किल दो में शिविर प्रारंभ हो गए हैं, वहीं सर्किल एक में गुरुवार को शंकर नगर से शिविर का प्रारंभ किया गया। इसका शुभारंभ वितरण कंपनी प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने किया।



कार्यक्रम में श्री कंवर ने हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए तथा योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे देवेंद्र तिवारी भाजपा जिला अध्यक्ष कोरिया एवं मुख्य अभियंता रायपुर शहर एवं ग्रामीण संजीव सिंह उपस्थित थे।

### सर्किल दो में 290 बकायादार

सर्किल दो में सिर्फ 290 ही बकायेदार हैं। अधीक्षण अभियंता महेश ठाकुर के मुताबिक सात स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। पहले दिन के शिविर में 14 उपभोक्ताओं का पंजीयन किया गया है। उन्होंने बताया राजधानी रायपुर में आमतौर पर बहुत कम उपभोक्ता ऐसे रहते हैं जो बकाया जमा नहीं करते हैं।

# डीएड अभ्यर्थियों ने धरनास्थल से शीतला मंदिर के लिए निकाली कलश यात्रा, पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि में प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थियों ने नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से शीतला मंदिर तक सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा निकाली। उनकी इस यात्रा को पुलिस प्रशासन ने बीच रास्ते में ही रोक दिया। सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर नियुक्ति दिए जाने की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थी 86 दिनों से आमरण अनशन पर हैं।

गुरुवार को नवरात्रि के पहले दिन डीएड अभ्यर्थी तूता के धरना स्थल से शीतला मंदिर तक नियुक्ति की



कामना को लेकर कलश यात्रा पर निकले, लेकिन उन्हें मंदिर जाने से रोका गया। पुलिस ने बैरिकेड धरना स्थल से आगे नहीं बढ़ने दिया।

# जानलेवा ट्रॉमेटिक डायफ्रामेटिक रप्चर का शिकार हुआ युवक, एम्स के डॉक्टरों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निर्माणाधीन भवन से गिरकर गंभीर रूप से घायल युवक की जान एम्स के डॉक्टरों ने बचा ली। ऊंचाई से गिरने के बाद युवक बेसुध तो नहीं हुआ, मगर बाईं ओर के डायफ्राम (छाती और पेट को अलग करने वाली मांसपेशी) पूर्ण रूप से फट गई थी। सर्जरी के काफी दिनों तक मरीज को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया और स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एम्स के चिकित्सकों ने बताया कि महासमुंद के निर्माणाधीन भवन की पहली मंजिल से युवक लगभग 8 फीट की ऊंचाई से गिर गया।



आश्चर्यजनक बात यह रही कि मरीज को कोई गंभीर बाहरी चोट नहीं थी और गिरने के बाद वह बेहोश भी नहीं हुआ। घटना के दूसरे दिन सुबह मरीज सीने में दर्द और हल्की सांस फूलने (डिस्प्निया) की शिकायत के साथ शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद पहुंचा।

### इन डॉक्टरों की टीम ने दिया अंजाम

*यह सर्जरी जनरल सर्जरी विभाग की टीम द्वारा की गई, जिसका नेतृत्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रामचंदानी ने किया। टीम में डॉ. जीवन वर्मा, डॉ. अभिनव कुमार, डॉ. ऐश्वर्या और डॉ. श्याम सुंदर शामिल थे, जबकि नर्सिंग ऑफिसर नीता ने सहयोग प्रदान किया। एनेस्थीसिया डॉ. सचिन और डॉ. नवप्रीत द्वारा दिया गया। इसके अलावा डॉ. अंशुमान, डॉ. सुरभि, डॉ. मोनिश, डॉ. क्षितिज और डॉ. आकाश ने भी सर्जरी और ऑपरेशन पूर्व व पश्चात प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।*

## खबर संक्षेप



### चैत्र नवरात्र पर देवी मंदिरों व घरों में जले आस्था के ज्योत

**नर्रा।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से ही देवी मंदिरों तथा आसपास गांवों के शितला मंदिर पंडरीपानी के निर्माणधीन वैष्णो देवी मंदिर पर्रापाठ पहाड़ी, जोंक नदी स्थित शाकंभरी मंदिर नर्रा में आस्था के ज्योत जले और ज्वांरा स्थापित किया गया है। शारदीय नवरात्र की तरह ही चैत्र नवरात्र का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि नौ दिनों में माता के नौ स्वरूपों की आराधना करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। सुबह और शाम माता की विशेष आरती में श्रद्धालुजन सम्मिलित हो रहे हैं। प्रतिदिन मांदर झांझ मंजिरा के थाप पर जससेवा गीत मंडलियों द्वारा गायन जारी है।



### रानी अवंतीबाई लोधी को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में स्वतंत्रता संग्राम रानी अवंतीबाई लोधी को बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महिलाओं ने कहा कि हर साल 20 मार्च उन्हें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस से लड़ते हुए आत्मसमर्पण के बजाय वीरगति को चुना, जो राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति की सर्वोच्च मिसाल है।

### मछुआरा संघ के खल्लारी विस अध्यक्ष बने रेवाराम

**कोमाखान।** राष्ट्रीय मछुवारा संघ छग प्रदेश अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल की अनुशंसा पर एवं एनएएफ के पदाधिकारियों की सहमति से रेवाराम धीवर (कोमाखान निवासी) को खल्लारी विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति समाज के प्रति उनकी सेवा-निष्ठा व संगठन क्षमता को लेकर की गई है। इस नियुक्ति पर परगना अध्यक्ष मोहनलाल धीवर, कोषाध्यक्ष लोकनाथ जलक्षत्री, रामूलाल तारक, मुकेश धीवर, मोरध्वज तारक, काशीराम धीवर, पंचराम मटियारा, डिगेश्वर जलक्षत्री, नूतन धीवर, लक्ष्मीनारायण धीवर, देवेंद्र धीवर, चुन्नूलाल धीवर, दाऊलाल धीवर, शीतल धीवर, पूरन लाल धीवर के अलावा समाज जनों ने हर्ष व्यक्त किया है। नियुक्ति पश्चात रेवाराम ने कहा है कि संघ ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ संघ के हित में करने का प्रयास करुँगा।



### झालखम्हरिया में 5 दिनी मारूति यज्ञ 23 से

**महासमुंद।** ग्राम झालखम्हरिया में पांच दिवसीय मारूति यज्ञ का आयोजन श्रीराम जानकी मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 23 मार्च से 27 मार्च तक किया गया है। यज्ञ अनुष्ठान बालकिशोर दास हनुमान मंदिर खल्लारी के सानिध्य में होगा। समिति के अध्यक्ष सेवक साहू ने बताया कि 23 को दोपहर 3 बजे कलश यात्रा व रात्रि में रामायण पाठ होगा, 24 को सुबह 5 से 5 बजे वेदी पूजन, 8 बजे मंगल आरती, 9 से 11 बजे यज्ञ हवन, दोपहर 2 बजे भोजन प्रसादी का वितरण होगा।

# 'धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026' के लागू होने पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एक पक्ष ने बताया अवैध धर्मांतरण पर रोक का जरूरी कदम, दूसरे ने उठाए अधिकारों पर सवाल
- महासमुंद में कार्यकर्ताओं की तीखी प्रतिक्रियाएं, राजनीतिक बहस ने पकड़ा जोर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। प्रस्तावित कानून को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। जहां कुछ इसे अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने और सामाजिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में आवश्यक कदम बता रहे हैं, वहीं अन्य इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों से जोड़कर सवाल उठा रहे हैं। इसी मुद्दे पर अलग-अलग दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे हैं, जिन्हें नीचे क्रमवार प्रकाशित किया जा रहा है।

### अवैध धर्मांतरण पर सख्त कानून स्वागतेयः तुषार



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' को लेकर प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। इस विधेयक के तहत अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध सख्त प्रावधान किए गए हैं, जिसमें छल, बल, प्रलोभन अथवा डिजिटल माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध घोषित किया गया है। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना संस्थापक अशवंत तुषार साहू ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रदेश की आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तुषार साहू ने अपने बयान में कहा कि हमारी आस्थाओं और विश्वास की सुरक्षा करना सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह विधेयक समाज में पारदर्शिता और न्याय व्यवस्था को मजबूत करेगा तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार सदैव जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह विधेयक उसी दिशा में एक सशक्त पहल है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार के नेतृत्व की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इस कानून से सामाजिक समरसता और कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026: अवैध धर्मांतरण पर सख्ती, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम ने जताया आभार

छग सरकार द्वारा प्रस्तुत 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' को लेकर प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। इस विधेयक के तहत अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध सख्त प्रावधान किए गए हैं, जिसमें छल, बल, प्रलोभन अथवा डिजिटल माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध घोषित किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए प्रदेश के



मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रदेश की आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साहू ने अपने बयान में कहा कि हमारी आस्थाओं और विश्वास की सुरक्षा करना सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह विधेयक समाज में पारदर्शिता और न्याय व्यवस्था को मजबूत करेगा तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार सदैव जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह विधेयक उसी दिशा में एक सशक्त पहल है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार के नेतृत्व की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इस कानून से सामाजिक समरसता और कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

### धर्मांतरण विरोधी कानून, जनभावनाओं का सम्मान, समाज की सुरक्षा सर्वोपरिः निधि

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में पारित धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 को लेकर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने भाजपा सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रदेश की जनता की आस्था, संस्कृति और सामाजिक संतुलन की रक्षा के लिए बेहद आवश्यक था। चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय प्रदेश में जबरन, प्रलोभन या धोखाधड़ी से कराए जाने वाले धर्मांतरण पर प्रभावी रोक लगाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है, इसलिए ऐसे जनहितकारी कानूनों का विरोध कर रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि यह कदम छत्तीसगढ़ को एक मजबूत और सुरक्षित राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



### धर्मांतरण के खिलाफ सरकार का कठोर कानूनः अलका

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ भाजपा नेत्री अल्का चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को विधानसभा में पारित किया जाना ऐतिहासिक कदम है। जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश की सभ्यता एवं संस्कृति की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। अल्का चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सुशासन के संकल्प से धर्म संस्कृति के संरक्षण एवं सम्मान को ध्यान में रखकर ही धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कानून लायी गयी है। अब किसी भी व्यक्ति का छल, बल, लालच या डिजिटल माध्यम से धर्म परिवर्तन कराना, गैर जमानती अपराध की श्रेणी में आएगी। इस नए कानून के अंतर्गत किसी व्यक्ति द्वारा अपने मूल या पैतृक धर्म में पुनः वापसी करते हैं तो उसे धर्मांतरण नहीं मानी जाएगी।



### अवैध धर्मांतरण पर सख्ती, भाजपाई चित्र कुमार ने जताया आभार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 को लेकर प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। इस विधेयक के तहत अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध सख्त प्रावधान किए गए हैं, जिसमें छल, बल, प्रलोभन अथवा डिजिटल माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध घोषित किया गया है। भाजपा नेता चित्र कुमार ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रदेश की आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारती ने अपने बयान में कहा कि हमारी आस्थाओं और विश्वास की सुरक्षा करना सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह विधेयक समाज में पारदर्शिता और न्याय व्यवस्था को मजबूत करेगा तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार सदैव जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह विधेयक उसी दिशा में एक सशक्त पहल है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार के नेतृत्व की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इस कानून से सामाजिक समरसता और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनेगी।



## लाफिन कला में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती



**महासमुंद।** ग्राम लाफिन कला में साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणी कर्मा माता की जयंती का आयोजन किया गया। गलियों व चौक-चौराहों में कलश यात्रा का सभी समाज के लोगों ने स्वागत किया। कलश यात्रा के पश्चात ग्राम के शांति चौक में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहू समाज शेर परिक्षेत्र के अध्यक्ष हरेंद्र साहू, अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष हेमूराम साहू, विशेष अतिथि शेर परिक्षेत्र उपाध्यक्ष केतन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष खेलावन साहू, देवनारायण साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव तोषकुमार साहू, पवन साहू, थानुराम साहू ने मां कर्मा के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन गोवर्धन प्रसाद साहू ने किया। इस अवसर पर जमुना बाई साहू, रुपबाई साहू, बुजुर्गगण जगदीश साहू, भुवन साहू, रामू साहू, अनूपराम साहू, नेतराम पटेल, समारू विश्वकर्मा, खोमन दास मानिकपुरी, हरिराम साहू, रामजी साहू, पंचराम साहू, जनक साहू, गोवर्धन साहू, कमलेश साहू, ओमप्रकाश साहू, योगेश्वर साहू, पवन साहू, नीरज साहू, पुरुषोत्तम साहू, नंदकुमार साहू, ग्राम पंचायत लाफिन कला के सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भूपेंद्र साहू, पंचगण मोहित साहू, नरेंद्र पटेल, डुमन लाल साहू, कुश पटेल, गुंजा हरीश साहू, चुनेश्वरी बिसेसर साहू, सविता शंकर साहू, पूनमचंद साहू, नेतन पटेल, मोहन पटेल, बिसाहू निषाद, अरूण मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। रात्रि में सरस्वती रामधुनी दैहान, बांधा बाजार जिला राजनांदगांव का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## धर्मांतरण विधेयक हिंदू संगठनों की सामूहिक संघर्ष का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 को लेकर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इस बीच भाजयुमो जिला सहकोषाध्यक्ष राजा अग्रवाल ने इसे समस्त हिंदू संगठनों के निरंतर प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह कानून लंबे समय से चल रहे जनआंदोलन और हिंदू संगठनों के सतत प्रयासों का परिणाम है।

#### सामूहिक प्रयासों की मिली सफलता

उन्होंने कहा कि विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा लगातार उठाई गई मांगों और जनजागरुकता अभियानों के कारण ही आज यह कानून अस्तित्व में आ सका है। यह निर्णय समाज की भावनाओं का सम्मान करता है। राजा ने बताया कि इस विधेयक में प्रलोभन, दबाव, भय या कपटपूर्ण तरीकों से धर्म परिवर्तन को संज्ञेय एवं गैर-जमानती अपराध घोषित किया गया है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी। समाज में विश्वास और सुरक्षा का माहौल उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कानून से समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण मजबूत होगा तथा कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। राजा अग्रवाल के अनुसार, यह कानून केवल सरकारी पहल नहीं बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों और जागरूकता का परिणाम है, जो आने वाले समय में एक मजबूत सामाजिक व्यवस्था स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा।



## दो होनहार बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय में 100 प्रतिशत अंकों के साथ मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली के दो होनहार बच्चों ने फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 में शानदार सफलता हासिल की है। कक्षा पांचवी के छात्र प्रियांश साहू ने 100 प्रतिशत अंकों के साथ महासमुंद जिले में सर्वोच्च स्थान को प्राप्त किया तथा कक्षा पांचवी की छात्रा जयंती नेताम ने 98.25 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में 12वां स्थान प्राप्त किया। सीमित संसाधनों के बावजूद इन बच्चों ने अपनी मेहनत लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल कर हमारे जिले महासमुंद का नाम रोशन किया है।

बच्चों की इस कामयाबी से प्रसन्न होकर जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बच्चों का सम्मान किया एवं बच्चों को जीवन में एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत महासमुंद सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार को जब प्रियांश साहू ने बताया कि वह वैज्ञानिक बनकर भारत माता की सेवा करना चाहता है, तब जिला पंचायत सीईओ ने डॉक्टर अब्दुल कलाम के जीवनी को बताते हुए उनके पुस्तक दी विंग्स ऑफ फायर को पढ़कर अपने जीवन में उतारते हुए आगे बढ़ने हेतु बच्चों को प्रेरित किया। जयंती नेताम ने भी एक डॉक्टर बनकर समाज सेवा का कार्य करने का उन्हें वचन दिया।



विद्यालय के दोनों कब बुलबुल के छात्र-छात्रा हैं। उनके मार्गदर्शक वीरेंद्र कर है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने भी वनांचल में स्थित इस विद्यालय के शिक्षक, ग्रामीण एवं छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि महासमुंद जिले के नाम को इन बच्चों ने अपने कर्मों से गौरवान्वित किया है। उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग देकर सम्मानित किया। वहीं डीएमसी रेखराज शर्मा ने भी कंपास बॉक्स देकर बच्चों को सम्मानित किया। जिले के अन्य शिक्षा अधिकारी विद्या साहू, सम्पा बोस एपीसी, नंदकुमार सिंन्हा सहायक संचालक, प्रमोद कुमार कन्नौजे सहायक जिला परियोजना अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर कंवर, बीआरसी बसना अनिल सिंह साव, कमल लूनिया पूर्व डीओसी स्काउट पूर्व, जिला सचिव रामकुमार साहू, पूर्व विकासखंड समन्वय पूर्णानंद मिश्रा ने भी हर्ष जताया है।

बच्चों के पालक पूनम सिंह साहू ने कहा कि मेरे बच्चे प्रियांश साहू ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवोदय जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा में महासमुंद जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है, इस उपलब्धि में विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र कर, प्रधान पाठक गिरधारी साहू एवं शिक्षिका निर्मला नायक का अथक परिश्रम एवं प्रेरणा रहा है। पालक गंगाधर नेताम ने भी अपनी पुत्री जयंती नेताम के उपलब्धि पर शिक्षक वीरेंद्र कर एवं समस्त स्टाफ को इसका श्रेय प्रदान किया।

### हेपेटाइटिस बी एवं सी से बचाव के लिए स्क्रीनिंग एवं टीकाकरण शिविर का किया गया आयोजन

**महासमुंद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देशन में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय वर्ष में अध्ययनरत जीएनएन प्रशिक्षण संस्था की छात्राओं के लिए हेपेटाइटिस बी एवं सी से बचाव हेतु स्क्रीनिंग एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं को हेपेटाइटिस बी संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण के माध्यम से बचाव सुनिश्चित करना एवं जागरुकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल अधिकारी (एनवीएचपी) डॉ. छत्रपाल चंद्राकर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में कुल 39 छात्राओं की हेपेटाइटिस बी एवं सी की स्क्रीनिंग की गई। सभी छात्राओं की जांच रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त होने के पश्चात उन्हें हेपेटाइटिस बी का टीकाकरण किया गया। यह आयोजन भा. चि. महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, जिला महासमुंद में संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत महेश्वरी के मार्गदर्शन में हुआ।





### ईद को लेकर मुस्लिम समाज प्रमुखों के साथ थाना प्रभारी की बैठक

**सरायपाली।** पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी ललिता मेहर के मार्गदर्शन में आगामी ईद त्योहार को लेकर थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर द्वारा स्थानीय मुस्लिम समाज प्रमुखों की एक बैठक रखी गई, जिसमें त्योहार के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान थाना प्रभारी के साथ विशेष रूप से खाद्य निरीक्षक अविनाश सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में सर्वप्रथम थाना प्रभारी ने समस्त मुस्लिमजनों को ईद की अग्रिम शुभकामनाएँ देते हुए त्योहार की तैयारियों पर चर्चा की। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को रमजान माह के अंतिम जुम्मे के कारण स्थानीय मस्जिद में सामाजिक जनों की काफी भीड़ रहेगी। साथ ही दोपहर से ही तैयारी शुरू हो जाएगी। अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी समाजजनों ने संभावित भीड़ को देखते हुए पदमपुर मार्ग सहित आस-पास यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात करने का आग्रह किया। इसके अलावा ईद के दिन शनिवार को भी सुबह 9 बजे ईदगाह में नमाज पढ़े जाने की जानकारी देते हुए सभी ने शहर के प्रमुख चौक चौराहों एवं मुख्य मार्ग पर यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं का ध्यान रखने का आग्रह किया। इस पर थाना प्रभारी ठाकुर ने भी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का आश्वासन दिया। साथ ही त्योहार को लेकर अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में अब्दुल नईम लखानी, जनाब खान, शाहजहाँ खान, अख्तर मेमन, तबारक हुसैन, इरफान शेख, रफीकउल्ला खान, मो. गुलाम, इब्राहिम आदि सामाजिकजन उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

क्रमांक/200/अ.वि.अ./ भू.व्यप./ 2025
बसना, दिनांक 08 दिसम्बर 2025

आवेदक पंकज नायक पिता घनश्याम नायक जाति अघरिया निवासी ग्राम बरतियाभांठा तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बरतियाभांठा प.ह.नं. 15 रा.नि. मं. भंवरपुर तहसील बसना स्थित भूमि खसरा नंबर 965/1 रकबा 0.29हे. कृषिभूमि को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, एवं विक्रय विलेख, सीमांकन प्रतिवेदन, पंचायत प्रस्ताव, रि-नंबरिंग सूची, अधिकार अभिलेख, मिसल अभिलेख सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व बसना

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक-शेर उप. तहसील महासमुंद जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// सूचना//

सूचना जारी दिनांक 19.03.2026

प्रति,
आवेदक हंसा गर्ग पति अशोक गर्ग निवासी सदर रोड गोबरा नया पारा जिला-रायपुर (छ.ग.)
सीमावर्ती नितेश चंद्राकर, जैनेंद्र चंद्राकर ग्राम सरपंच खैरा व ग्रामवासी खैरा

विषय : सीमांकन जांच की सूचना बाबत्।

संदर्भ : न्या.नायब.तह./तहसीलदार के ज्ञापन क्रमांक/196/ क/वा.ना.तह./2025 महासमुंद दिनांक 15/12/2025

उपरोक्त संदर्भित ज्ञापन के अनुसर आवेदक हंसा गर्ग पति अशोक गर्ग जाति निवासी गोबरा नयापारा रायपुर रा.नि.मं. शेर तहसील/महासमुंद के ग्राम खैरा पहनं 43 के खेतों की भूमि ख.नं. 286 रकबा 0.07 हे. सीमांकन हेतु का सीमांकन मौक जांच 25.03.2026 सयम 12 बजे को मौके पर किया जाना है। अतः समस्त कागजात जेसे भूमि का बैनामा, किसान, किताब, खसरा, बी-1, नक्शा मिसल रिकार्ड मौके पर उस्थित रहने की अपेक्षा की जाती है।

मुहर
राजस्व निरीक्षक
सिरपुर/शेर

### मछली व्यवसाय से हो रही है अच्छी आमदनी

**महासमुंद।** जिले के महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुमगांव के निवासी राकेश धीवर एक साधारण परिवार से हैं। मछली पालन उनके परिवार का परंपरागत व्यवसाय रहा है और आज समय के साथ यह उनकी आजीविका का मुख्य आधार भी बन गया है। उनकी इस प्रगति में मत्स्य विभाग का विशेष योगदान रहा है। विभाग द्वारा उन्हें मोटर-साइकिल सह आइस बॉक्स योजना का लाभ प्राप्त हुआ। इस योजना के अंतर्गत मिली मोटर-साइकिल और आइस बॉक्स की सहायता से अब वे दूर-दराज के गांवों और हाट-बाजारों तक आसानी से मछली पहुंचा पाते हैं, जिससे उनके व्यवसाय का विस्तार हुआ है और आय में भी वृद्धि हुई है। राकेश धीवर के पिता विश्राम धीवर प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति तुमगांव के सदस्य रहे हैं। इससे प्रेरित होकर राकेश का भी मछली पालन एवं विक्रय कार्य की ओर रुझान बढ़ा। आज यह कार्य उनके पूरे परिवार के सहयोग से संचालित हो रहा है। उनके परिवार में पत्नी एवं दो पुत्र हैं, जो मछली विक्रय कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं और वर्तमान में सशक्त पारिवारिक उद्यम का रूप ले चुका है। राकेश धीवर द्वारा प्रतिदिन आसपास के तालाबों से मछलियाँ खरीदकर स्थानीय हाट-बाजारों में बिक्री किया जाता है। वे प्रतिदिन लगभग 2 क्विंटल मछली का व्यापार करते हैं। इस कार्य में प्रतिदिन लगभग 20 हजार रुपए की लागत आती है, जबकि विक्रय से 24 हजार रुपए तक की आय होती है। इस प्रकार उन्हें प्रतिदिन लगभग 4 हजार रुपये का सकल लाभ प्राप्त होता है। मजदूरी एवं अन्य खर्चों को घटाने के बाद वे प्रतिदिन एक हजार से 1,500 रुपये तक की शुद्ध आय अर्जित कर लेते हैं, जो उनके परिवार के लिए एक स्थिर आय का स्रोत बन गया है। इस तरह प्रतिमाह लगभग 45 से 50 हजार रुपए की शुद्ध आमदनी होती है। इसके अलावा राकेश धीवर अपने पैतृक खेत में कृषि कार्य भी करते हैं, जिससे उनकी आय के स्रोत और मजबूत हुए हैं। इस प्रकार मछली विक्रय और कृषि कार्य के समन्वय से उन्होंने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया है।



## खबर संक्षेप



### पार्षद भाऊराम ने महामाया मंदिर में जलाया ज्योत

**महासमुंद।** नगर के कुलदेवी मां महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने समस्त नगर जनों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष कन्हैया शुक्ला, सदस्य राजेश नायक, कमलेश चंद्राकर, पुनेंद्र चंद्राकर, सागर चंद्राकर ने भी ज्योत जलाकर माता से आर्शीवाद मांगा।

### नवोदय विद्यालय में आकांक्षा का चयन

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोमाखान में कक्षा पंचम में अध्ययनरत छात्रा आकांक्षा टंडन पिता प्रेमदास टंडन निवासी ग्राम बंधपार का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। आकांक्षा प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी रही। इसके चयन से ग्राम एवं परिवार में हर्ष का माहौल है। आकांक्षा के चयन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा सिंह ठाकुर एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।



## सफलता की कहानी : आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद छात्राएं निरंतर शिक्षा की ओर अग्रसर

# तोषगांव प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में छात्राओं को सुरक्षित आवास के साथ मिल रहा सकारात्मक वातावरण

**महासमुंद।** सरायपाली विकासखंड में स्थित ग्राम तोषगांव का प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास दूरदराज के अंचलों से आने वाली बालिकाओं के लिए किसी आशा की किरण से कम नहीं है, यहां उन्हें सुरक्षित आवास व सकारात्मक वातावरण के साथ उनके सपनों को नई दिशा प्रदान की जा रही है। आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद यहां की छात्राएं निरंतर शिक्षा की ओर अग्रसर हैं और अपने भविष्य को संवारने में जुटी हुई हैं।





इस छात्रावास में कमजोर परिवार एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी छात्राओं के लिए विद्या, विनय और अनुशासन को आधार बनाकर एक सशक्त शैक्षिक माहौल तैयार किया गया है। स्वच्छ और हवादार कमरों में रहने की सुविधा, पौष्टिक भोजन और शांत पुस्तकालय का वातावरण छात्राओं को पढ़ाई के प्रति पूरी तरह केंद्रित रखता है, वहीं खेलकूद की गतिविधियाँ उनके शारीरिक विकास को भी सुनिश्चित करती हैं। दिन की शुरुआत सुबह योग, व्यायाम और सामूहिक प्रार्थना से होती है, जिससे छात्राओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके बाद निर्धारित अध्ययन समय के माध्यम से उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई की आदत डाली जाती है। यह दिनचर्या उनके शैक्षणिक स्तर को मजबूत करने के साथ समय प्रबंधन और आत्म अनुशासन भी सिखाती है।

छात्रावास में बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समाचार पत्र वाचन को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया गया है। छात्राएं प्रतिदिन हिंदी और अंग्रेजी समाचार पत्रों का अध्ययन करती हैं, जिससे उनका सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स मजबूत होता है। इसी क्रम में कैरियर काउंसिलिंग सत्र भी इस छात्रावास की एक विशेष पहल है, जहाँ विशेषज्ञों और पूर्व छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी जाती है। छात्रावास अधीक्षक और छात्राओं के बीच आत्मीय संबंध है। अधीक्षक द्वारा प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाते हुए अभिभावक की तरह छात्राओं की समस्याओं को समझते और उनका समाधान करते हैं। शिक्षा के साथ-साथ छात्रावास में सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का भी नियमित आयोजन किया जाता है, जिससे छात्राओं की प्रतिभा निखरती है और उनमें आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। आज प्री मेट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास आवासीय सुविधा के साथ सशक्त मंच बन चुका है जो ग्रामीण बालिकाओं के सपनों को उड़ान दे रहा है।

## शिवा बने सरायपाली भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला महासमुंद में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। यह नियुक्तियां भाजपा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में की गई हैं, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय तथा संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की सहमति एवं भाजपा जिला प्रभारी जयंती पटेल तथा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू की अनुशंसा पर यह सूची जारी की गई है।



जारी सूची के अनुसार विभिन्न मंडलों में युवा नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें सरायपाली मंडल से शिवा जायसवाल, भंवरपुर से मंगलू सिदार, केदुवा से नरेंद्र पटेल, बलौदा से वेदव्यास साव तथा छुईपाली से हितेश यादव को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर शिवा जायसवाल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।



### विभिन्न मांगों को लेकर सीएम से मुलाकात

**खल्लारी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में रविशंकर सिंह सहित समस्त जिला पंचायत के अध्यक्षों एवं छत्तीसगढ़ सहायक चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रदेश के अध्यक्ष डॉ बीएल मिश्रा आदि की टीम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव से मुलाकात कर अपनी मांगों संबंधित चर्चा की। जिसमें रविशंकर सिंह तथा अन्य जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने जिला पंचायत अध्यक्षों से संबंधित मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। जिसमें मुख्यमंत्री ने यथासंभव मांगों को पूर्ण करने का विश्वास दिलाया। साथ ही मांगों के समर्थन में विधायक धरमलाल कौशिक ने भी मुख्यमंत्री को जिला पंचायत अध्यक्षों के कार्यों में आ रही समस्याओं के बारे में बताया।

## भाजयुमो के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित ने लिया आशीर्वाद



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त शहर मंडल अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित ने गुरुवार को नियुक्ति के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर अग्रवाल के कार्यालय पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर अग्रवाल ने उपस्थित युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजयुमो अध्यक्ष का पद केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज सेवा का अवसर भी है।

## राज्य मेला समिति की बैठक में शामिल हुईं उत्तरा

**महासमुंद।** छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मेला समिति की प्रथम बैठक विधानसभा भवन के सभागार में हुई। बैठक में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब समेत राज्य समिति सदस्य उत्तरा प्रहरे से शामिल हुईं। इसके अलावा मुख्य सचिव भी मौजूद रहे। हाथ से थैला उठाने विषय पर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गम्भीर चर्चा हुई। उत्तरा प्रहरे ने भी मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षित कराया कि नगर पालिका की महिला मित्र जब डोर टू डोर कलेक्शन में जाते है, कई घरों में मैला थैला भी डाल दिया जाता है, जिसे रोका जाना आवश्यक है।

## चौकबेड़ा में मनाई गई संत माता कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

ग्राम चौकबेड़ा में संत शिरोमणि कर्मा जयंती उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गांव के आदर्श जीवन ज्योति समिति के सदस्यों के नेतृत्व में मां कर्मा की छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौड़िया क्रमांक 2 के युवा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू थे, अध्यक्षता सिंघी परिक्षेत्र के संयुक्त सचिव मोरजध्वज साहू एवं विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच सागर दीवान एवं समिति के संरक्षक एवं पंच मानसिंग महेश्वरी उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों को आदर्श जीवन ज्योति समिति के सदस्यों द्वारा फल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि मां कर्मा हम सभी के लिए प्रेरणादायी है, हमें उनके बताए मार्ग में चलना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे साहू ने कहा कि माता कर्मा त्याग, सेवा और समाज के उत्थान की प्रतीक रही है और उनके आदर्श आज की समाज को प्रेरणा देते है। इस दौरान अन्य अतिथियों ने भी उनके बताए मार्ग को याद करते हुए उनके बताए मार्ग में चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष गीता महेश्वरी, उपाध्यक्ष दुर्गा बारले, सचिव मोतिम घृतलहरे, कोषाध्यक्ष माधुरी महेश्वरी, सहसचिव सावित्री बघेल, महामंत्री पूर्णिमा बांधे, सदस्य सरस्वती बंजारे, ईश्वरी रात्रे, कमला सोनवानी, खुमन बारले, सीमा बारले, पद्मनी कुर्रे, लतिका महेश्वरी, रूखमणि जोगी, प्रतिमा कुर्रे, तारण बारले सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

## सत्यापन के बाद भी जिन किसानों से धान नहीं खरीदी, उन्हें कोर्ट जाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- धान खरीदी में मनमानी पर हाईकोर्ट सख्त, किसान का बकाया 84 क्विंटल धान लेने का दिया निर्देश

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत दिनों बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक किसान हितैषी बड़ा फैसला सुनाया है। जिसमें उन्होंने किसान का बकाया 84 क्विंटल धान लेने का स्पष्ट निर्देश दिया है। अंकित ने बताया कि हाईकोर्ट में स्टॉक जांच में धान नहीं होने की बात कहते हुए किसान का पूरा धान नहीं लेने के भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार के सहकारी कर्मचारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ पेश याचिका में कलेक्टर सक्ती, हसौद मंडी सहित अन्य को याचिकाकर्ता का बकाया 84 क्विंटल धान 30 दिवस के अंदर लेने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इसके साथ याचिका को निराकृत किया है। मामले की सुनवाई जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की सिंगल बेंच में हुई है।

अंकित ने बताया याचिकाकर्ता लक्ष्मण कुमार चंद्रा निवासी ग्राम हसौद जिला सक्ती ने अधिया के आधार पर खेती की। कटाई के बाद शेष 84 क्विंटल धान बटाईदार के घर भंडार में रखा गया था। भंडार के भौतिक सत्यापन की तारीख 20.01.2026 को, 84 क्विंटल धान याचिकाकर्ता के सीधे कब्जे में नहीं पाया गया, जिसके कारण समिति प्रबंधक/अध्यक्ष, कृषक सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष, कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित, हसौद ने उक्त धान की खरीद से इनकार कर दिया। इसके खिलाफ किसान ने अधिवक्ता योगेश कुमार चंद्रा के जरिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई। जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता एक किसान है, जिसने खरीफ साल 2025-26 के लिए उसकी 3.7800 हेक्टेयर खेती की ज़मीन किसान पोर्टल पर रजिस्टर्ड थी। 196 क्विंटल धान की खरीद के लिए सहकारी समिति हसौद ने याचिकाकर्ता को 196 क्विंटल का टोकन भी जारी किया था। किसान ने 111.20 क्विंटल धान बेचा है। याचिकाकर्ता का शेष 84 क्विंटल धान लिए जाने का निर्देश दिए जाने की मांग की गई थी। जिसमें जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी ने याचिकाकर्ता एवं प्रतिवादियों का पक्ष सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड के अवलोकन से पता चलता है कि याचिकाकर्ता की खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए उनकी 3.7800 हेक्टेयर कृषि भूमि किसान पोर्टल पर किसान के तहत पंजीकृत की गई थी। इसके अलावा, पिटीशनर के 196 क्विंटल धान की खरीद के लिए टोकन जारी किया गया था। हालांकि, 196 क्विंटल धान की बिक्री की एंट्री किसान पोर्टल पर रजिस्टर्ड है और इसके लिए टोकन भी जारी किया गया था, लेकिन सिर्फ़ 111.20 क्विंटल ही बेचा गया है। पिटीशनर के अनुसार, एक किसान के तौर पर, उसने एक बटाईदार (बटाईदार) के साथ एक अधिया के ज़रिए 84 क्विंटल धान की कटाई की, और यह हिस्सा बटाईदार के स्टोरेज एरिया में स्टोर किया गया था। रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे पता चले कि पिटीशनर ने उस धान की कटाई गैर-कानूनी तरीके से की थी। कोर्ट ने कलेक्टर सक्ती, सहकारी समिति सहित अन्य को याचिकाकर्ता की बाकी 84 क्विंटल धान बेचने और उठाने की इजाज़त देने का निर्देश दिया है। इसके लिए सही प्रोसेस कर 30 दिनों के अंदर धान लेने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिका को निराकृत किया है। अंकित ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में ऐसे लाखों किसानों के धान को खरीदने से भाजपा सरकार ने कन्नी काटी है। साथ ही अंकित ने किसानों से अनुरोध किया है कि इस मामले को आधार बना के समस्त ऐसे मामले के बचे किसान कोर्ट जरूर जाएं।



## पालिकाध्यक्ष ने शोभायात्रा का किया स्वागत



**महासमुंद।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष के अवसर पर तुमगांव रोड स्थित मां शारदा भवानी मंदिर से मां दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका स्थानीय कचहरी चौक स्थित अटल परिसर के समीप नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वागत किया तथा शोभायात्रा में शामिल लोगों को आइस्क्रीम का वितरण किया। शोभायात्रा के दौरान मुख्य मार्ग पूरी तरह आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण रंगों में डूबा नजर आया। जिसमें हजारों की संख्या में सनातन प्रेमियों और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति ने लोगों को आकर्षित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिंकू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर एवं बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA: Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर